केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 (ओसीएफ़) शाहजहाँपुर (प्रथम पाली)

कार्यवृत्त

राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा समारोह (14 सितंबर – 28 सितंबर 2022)

केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक – 02,आयुध वस्त्र निर्माणी, शाहजहाँपुर में दिनांक 14 सितंबर 2022 से 28 सितंबर 2022 तक 'राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा' का आयोजन किया गया। हिन्दी पखवाड़ा का शुभारंभ दि०- 14 सितम्बर 2022 को **'हिन्दी दिवस'** के अवसर पर उपप्राचार्य श्री विजय प्रकाश द्वारा माता सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन करने के साथ हुआ| 'हिन्दी दिवस' के अवसर पर उपप्राचार्य महोदय ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के सम्मुख हिंदी भाषा – साहित्य के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए हिंदी दिवस और हिंदी पखवाड़ा मनाए जाने के उद्देश्य पर अपनी बात कही| प्राचार्य महोदय श्री परवेज़ हुसैन के सन्देश को ऑनलाइन माध्यम से सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए प्रेषित किया गया| इस अवधि में हिन्दी भाषा एवं साहित्य के प्रोत्साहन हेतु ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों माध्यमों से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया|

इस अवधि में विद्यालय के समस्त कार्यालयी कार्य हिन्दी में संपन्न हुए तथा शिक्षकों द्वारा अपने हस्ताक्षर हिन्दी में किए गए | इसी समयावधि में हिन्दी भाषा-साहित्य की पुस्तकों के प्रति पठन-अभिरुचि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुस्तकालयाध्यक्षा श्री मती अजमी रियासत के निर्देशन में विद्यालय के पुस्तकालय में हिन्दी भाषा-साहित्य की पुस्तकों की एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। दिनांक - 28.09.2022 - 'हिंदी पखवाड़ा' के समापन के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले चयनित विद्यार्थियों को प्राचार्य महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया| हिंदी पखवाड़ा के सुगम आयोजन के लिए प्राचार्य महोदय ने सभी को बधाई दी। कार्यक्रम संयोजक श्री अनुपम भारद्वाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभारियों तथा सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का भी आभार व्यक्त किया गया, जिनके कारण सम्पूर्ण कार्यक्रम गरिमामय रहा| प्राचार्य महोदय द्वारा ऑनलाइन माध्यम से भी सन्देश प्रेषित कर सभी विद्यार्थियों,अभिभावकों एवं शिक्षकों को 'राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा समारोह' के सफल आयोजन की बधाई प्रेषित की गयी|